# ECHO OF HIS CALL

# बुलावे की प्रतिध्वनि

HINDI

ECHO OF HIS CALL 1969-2019 GOLDEN JUBILEE
REACHING NATIONS

**India's National Spiritual Newspaper**

₹ 10/-

Published monthly in ENGLISH, TAMIL, MALAYALAM, TELUGU, HINDI, KANNADA, MARATHI, BENGALI, GUJARATI, ODIYA, ASSAMESE, PUNJABI, NEPALI, URDU, SINHALA & AFRIKAN

Editor : S. SAM SELVA RAJ | 16 Languages | Associate Editor : Sis. DOROTHY S. THOMAS

Vol. XXVIII | APRIL 2023 | No.05


पवित्र बाइबल!

**इन वचनों को याद करें परमेश्वर की स्तुति हो**

भजन 113:1–9

1 याह की स्तुति करो! हे यहोवा के दासो, स्तुति करो, यहोवा के नाम की स्तुति करो!

2 यहोवा का नाम अब से लेकर सर्वदा तक धन्य कहा जाय!

3 उदयाचल से लेकर अस्ताचल तक, यहोवा का नाम स्तुति के योग्य है।

4 यहोवा सारी जातियों के ऊपर महान् है, और उसकी महिमा आकाश से भी ऊँची है।

5 हमारे परमेश्वर यहोवा के तुल्य कौन है? वह तो ऊँचे पर विराजमान है,

6 और आकाश और पृथ्वी पर भी, दृष्टि करने के लिये झुकता है।

7 वह कंगाल को मिट्टी पर से, और दरिद्र को घूरे पर से उठाकर ऊँचा करता है,

8 कि उसको प्रधानों के संग, अर्थात् अपनी प्रजा के प्रधानों के संग बैठाए।

9 वह बाँझ को घर में लड़कों की आनन्द करनेवाली माता बनाता है। याह की स्तुति करो!

# सच्ची बेदारी! REAL REVIVAL!

*(पास्टर एस. सैम सेल्व राज द्वारा मुख्य गिरजाघर में दिया गया संदेश)*

जब मैंने अपनी बाइबल में "रिवाइवल" शब्द की खोज की जो व्यापक रूप से मसीही हलकों में उपयोग किया जाता है, तो मुझे यह शब्द नहीं मिला। रिवाइवल या बेदारी इस शब्द का अध्ययन अपने आप में एक महान शिक्षा है। जब लोग भारत में आत्मिक सभाओं के बारे में बात करते हैं, तो आमतौर पर कहा जाता है, इंजील सभाएं, बेदारी की सभाएं और क्रूसेड। कुछ देशों में ऐसी सभाओं को "रिवाइवल" कहा जाता है। आज मैं आपके साथ जो संदेश बांटने जा रहा हूं, वह वही है जो प्रभु "पिछली बारिश" के रूप में उंडेलता है,, वह पुनर्जागरण जिसे प्रभु बाहर लाता है या आत्मिक पुनरुद्वार।

पता चला है कि "रिवाइवल" शब्द लैटिन भाषा से लिया गया है। अंग्रेजी में इसका अर्थ है "पुनः जागरण"। "विवो" का अर्थ है, "दिया गया जीवन" या "जीवन को पुनः प्राप्त करना" "जीवित हो उठना"। इसका अर्थ है कि कोई व्यक्ति मृत्यु के जबड़े से पुनः जीवन प्राप्त करता है। यह मुर्दे को जीवित करना नहीं है; लेकिन एक ऐसे व्यक्ति को पुनर्जीवित करना जो गतिहीन था। दिल का दौरा पड़ने पर किसी व्यक्ति का दिल काम करना बंद कर सकता है। लेकिन आपातकालीन उपचार देकर उनके दिल को पुनर्जीवित कर दिया जाता है। जीवन को वापस लाने की इस विधि को पुनरुद्धार कहा जाता है।

मैं स्वर्गीय रेव्ह. एस. देवदासन के "हेराल्ड अह्फ हिज़ कमिंग" की सेवकाई की एक उपज

*पृष्ठ 3 में क्रमशः...*




एको ऑफ हिज़ कॉल 5 मिनिट का संदेश!!

***यू ट्यूब मसीही चैनल!***

तुम्हें पास्टर एस. सैम सिल्वा राज के साथ प्रार्थना करने का अवसर मिलेगा!

*अंग्रेजी, हिन्दी, तमिल और तेलूगू*

*प्रतिदिन सुबह 5 बजे* *तमिल रविवार सभा - सुबह 8:30 बजे*

# ECHO OF HIS CALL - (1969-2019 GOLDEN JUBILEE YEAR)

## *from your dearly beloved brother...*





**"...मैं तुझे देश के ऊँचे स्थानों पर चलने दूँगा, मैं तेरे मूलपुरुष याकूब के भाग की उपज में से तुझे खिलाऊँगा..."** (यशायाह 58:14)

प्रभु में अत्यंत प्रिय,

आपके पास बहुत सारी अच्छी चीजें आएंगी! उत्साहित हों!!

संसार में सुसमाचार तेजी से फैल रहा है। हम अकेले सुसमाचार के प्रसार के लिए काम नहीं कर रहे हैं। बहुत सारे चर्चेस और विभिन्न मसीही संगठन अपने परमेश्वर के सेवकों को उनके कार्यक्षेत्र में भेजते हैं और लोगों को पाप, बीमारी और गरीबी से मुक्ति दिलाते हैं। हमें इन संगठनों और कलीसियाओं के लिए और परमेश्वर के सेवकों के लिए भी उत्साह से प्रार्थना करना है। हमें जितना हो सके उनकी सहायता करना चाहिए। हमें कलीसिया के सिद्धांतों को लेकर सभी प्रकार के भेदभाव को भूल जाना चाहिए और उन्हें नष्ट कर देना चाहिए और एक सेना के रूप में एक साथ खड़े होना चाहिए।

**नहेम्याह बाइबल कॉलेज** के हमारे पुराने छात्र, प्रा. जे. राजमणि और उनकी पत्नी पास्टर आर. विमल को पास्टर के रूप में नियुक्त किया गया था और उन्हें इस साल २६ जनवरी को पलवेरकाडु में पास्टर के रूप में नियुक्त किया गया था। सेवा बहुत आशीषमय थी। आइए हम प्रार्थना करें कि वहां बने गिरजाघर और पासबान के घर पर परमेश्वर का अनुग्रह बना रहे। भारत के गांवों में परमेश्वर और चर्च के सभी सेवकों को फलना-फूलना चाहिए और उन्नति पाना चाहिए। हम जानते हैं कि भारत में 7,00,000 गांव हैं। हमें किसी तरह सुसमाचार के साथ वंचितों तक पहुंचना है।



*Dedication of new Church*

### एको ऑफ हिज़ कॉल परिवार की ज़िम्मेदारी

परमेश्वर के सेवक, जो लोगों को विनाश से बचाने और सही रास्ते पर ले जाने के लिए ईमानदारी से काम करते हैं, बहुत कष्ट उठा रहे हैं। हमें ऐसे लोगों की बुनियादी ज़रूरतों को पूरा



*Echo of His Call key leaders*

### OUR MISSION POLICY

We should expound and teach the contemporary generation the undiluted teachings of the ancient and early Apostles. It is the need of the hour.


**CHIEF EDITOR**
Angeline Selvakumari Henry, M.A., M.Ed.

**MANAGING EDITOR**
Pastor Alex Samson Sam, B.Th., M.Div.

**ADMINISTRATION**
Bro. N. Prakasam, M.A., General Manager

**EDITORIAL BOARD**
Sis. Jesy Veena Sam
Sis. Serena Bevin, M.A., M.Phil., B.Ed.
Dr. A. Richard Samuel, M.A., Ph.D.
Rev. Dr. K.R. Rajasekaran



**EDITOR, PUBLISHER & PRINTER**
Pastor S. SAM SELVA RAJ
Echo of His Call Printers
10, Mohammed Abdullah 2nd Street,
Chepauk, Chennai- 600 005, India.
Phone : (+ 91- 44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766
Cell : (+91) 98410 71852, 95661 31858



**CORE LEADERS**
Bro. K. Puratchivendan
Dr. Rabinder Boaz, M.S.
Bro. A. Edward Durai
Bro. A. Alvin
Bro. K. Abraham
Sis. Dhanalakshmi Chinnaiah



**E.mail ID**
sam@echoofhiscall.org
biblecor@yahoo.co.in

**WEBSITES**
www.echoofhiscall.org
www.stpaulsmatriculation.com

**YOUTUBE CHANNEL**
Echo of His Call


Servant of God engaged in evangelism

करना है। शैतान उन पर शारीरिक और आत्मिक दोनों तरह से आक्रमण कर रहा है। परमेश्वर के ऐसे सेवकों की सहायता करें जिन्हें आप जानते हैं, अपने धन और शारीरिक सहयोग से। परमेश्वर के बहुत से सेवक जो धनी हैं, अपनी बुलाहट और दूरदर्शिता को खो चुके हैं जो उनके पास शुरुआत में थी। वे अब अपनी सुख-सुविधाओं को बढ़ाने और संपत्तियां खरीदने में लगे हुए हैं। सेवकाई के नाम पर बड़े-बड़े भवनों का निर्माण करते हैं जिनकी वास्तव में आवश्यकता ही नहीं होती और इस प्रकार वे अपने मार्ग से विचलित हो जाते हैं। कृपया ऐसे लोगों का समर्थन करना बंद करें और उनका समर्थन करें जो वास्तव में परमेश्वर के लिए आत्माओं को जीतने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। परमेश्वर के ऐसे सेवकों को खोजें और उन्हें उनके प्रयासों में शामिल करें। परमेश्वर आपको आशीष दे।

परमेश्वर के कई सेवक हैं जो देखते हैं कि करोड़ों-करोड़ों लोग मसीह के बिना नरक की ओर जा रहे हैं। उनमें से कुछ तो मसीह के दूसरे आगमन के बारे में भी प्रचार करते हैं और लोगों को निर्देश देते हैं कि वे किसी भी समय मसीह के लौट आने का इंतज़ार करें। लेकिन उनके पास दीर्घकालीन योजनाएं होती हैं और कई करोड़ रुपये की लागत के साथ विशाल भवनों का निर्माण करते हैं और कई वित्तीय योजनाओं को क्रियान्वित करते हैं। क्या यह आवश्यक है? क्या यह एक चालाकी भरा धोखा नहीं है? क्या कलीसिया के अगुवे ऐसे काम कर सकते हैं? कृपया इस बारे में सोचें और परमेश्वर के निर्धन सेवकों की सहायता करें जो वास्तव में आत्माओं के लिए एक सच्चे बोझ के साथ परमेश्वर की सेवा करते हैं।

ऐसे प्रचारकों का पता लगाना बुद्धिमानी है जिनके पास साइकिल तक नहीं है, और छोटे चर्च जिनके पास उचित छत या फर्श नहीं है और परमेश्वर के ऐसे सेवक हैं जो परमेश्वर से अपना अगला भोजन प्रदान करने की अपेक्षा करते हैं! हमें सावधान रहना चाहिए कि दूसरों के बहकावे में न आएं।

कुछ लोग धोखाधड़ी से भरी योजनाओं को अंजाम देते हैं जो उन्होंने अपने पेशे से सीखी हैं। उन्होंने परमेश्वर और उउसकी सेवकाई को भी अपनी वस्तुओं की सूची में शामिल किया है जो वे बेचते हैं और अपने खुद के व्यवसाय की तरह सेवकाई करते हैं। कृपया ऐसे लोगों की पहचान करें और समझदारी से काम लें। हम आपके लिए जरूर दुआ करेंगे।

हमने अपने नहेम्याह बाइबल कॉलेज के स्तर को बढ़ाने और परमेश्वर के अधिक सेवकों को प्रशिक्षित करने और बी टी एच डिग्री कार्यक्रम परिचय कराना चाहते हैं। शुरुआत में हम ऑनलाइन बी अी एच कार्यक्रम लॉन्च करने जा रहे हैं। हम आपसे प्रेमपूर्वक अनुरोध करते हैं कि आप इसे अपनी खुद की कलीसियाओं में  में और उन लोगों के बीच साझा करें जिन्हें आप जानते हैं और कई छात्रों को हमारे साथ नामांकन करने के लिए निर्देशित करें। हम इस मामले में आपकी राय और सुझावों की अपेक्षा करते हैं। अधिक जानकारी के लिए पप्या हमसे संपर्क करें। प्रभु यीशु आपको आशीष दें।

*मसीह यीशु में आपके सेवक,*

*पास्टर एस. सैम सिल्वा राज और एलेक्स सैमसन सैम*

(+91) 98412 71858 / 98410 71858,

E.mail : samselvaraj333@gmail.com

*पृष्ठ 1 से आगे:...*

था। यहां, आपने सुना कि मुझे “हेराल्ड अहफ हिज़ कमिंग” की उपज के रूप में पेश किया गया था। हम कह सकते हैं कि “पुनर्जागरण” पवित्र आत्मा का फल है या इसे पवित्र आत्मा द्वारा लाया जाता है। जहां भी पवित्र आत्मा काम करता है, हम पुनरुद्धार या बेदारी  पा सकते हैं। यह कोई मानवीय कृत्य नहीं है; परन्तु यह यहोवा का कार्य है। पुनरुद्धार अधर्मियों के बीच कभी नहीं होता है।

जागृति मूर्छित संतों को पंख देती है और फिर से परमेश्वर के करीब लाती है। यह बैकस्लाइडर्स या पीछे हुए लोगों को होश में आने और पटरी पर वापस आने में मदद करता है। पुनरुद्धार समाज में परमेश्वर की उपस्थिति को चित्रित करने में मदद करता है और परमेश्वर के राज्य के बारे में राष्ट्रों की अज्ञानता को दूर करने में मदद करता है और एक अलौकिक जागृति लाता है।

एक धमाकेदार जागृति के लिए, सामान्य प्रार्थना पर्याप्त नहीं है, लेकिन हमें उत्कट और असाधारण प्रार्थनाओं की आवश्यकता है। आधुनिक वाद्य यंत्रों या बहुत अधिक शोर मचाने या नवोन्मेषी नृत्यों द्वारा वास्तविक पुनरुद्धार नहीं लाया जा सकता है। यह हमारे घुटनों को मोड़ने से उत्पन्न होती है। चेन्नई शहर में बड़ी संख्या में चर्च हैं। लेकिन कुछ क्षेत्र अछूते रह गए हैं। एको ऑफ हिज़ कहल चर्च क्षेत्र ऐसी ही एक जगह थी। परमेश्वर के बहुत से सेवक इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि प्रभु के सुसमाचार के द्वारा कोई भी इस क्षेत्र में नहीं पहुंच सकता। परन्तु परमेश्वर ने अपने सुसमाचार के द्वारा मुझे इस तिरस्कृत स्थान पर पहुंचने का बोझ दिया। इसे पूरा करने के लिए, हमें बहुत अधिक प्रार्थना और प्रतीक्षा की आवश्यकता थी। अंत में प्रभु ने एक पुनरुद्धार किया, बेदारी भेजी। बड़ी संख्या में लोग जो विनाश की ओर बढ़ रहे थे, प्रभु द्वारा उनके सुसमाचार के माध्यम से मिले थे। चर्च अस्तित्व में आया। कई लोगों ने पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा के नाम पर बपतिस्मा लिया और चर्च में शामिल हुए।

इस पुनरुद्धार के कारण, हमारे क्षेत्र के पास पैरागहन सिनेमा थिएटर, न्यू

एलफिंस्टन सिनेमा थिएटर, वेलिंगटन सिनेमा थिएटर, स्टार सिनेमा थिएटर आदि जो कई बुराइयों के स्रोत थे, उन्हें ध्वस्त कर दिया गया और उनके स्थान पर नई इमारतें खड़ी हो गईं। बहुत से लोग जो बुरी आदतों, हिंसक कृत्यों और नशीले पदार्थों के आदी थे और घृणित कार्यों में लिप्त थे, उनका हृदय बदल दिया, उन्होंने जीवित परमेश्वर को गले लगा लिया, वे हमारे चर्च में शामिल हो गए और प्रभु के सामर्थी गवाह के रूप में जीवन बिता रहे हैं।

अब यह हमें विचार करना है कि क्या यह पुनरुद्धार अस्थायी है? या एक स्थायी? इसे कैसे कायम रखा जा सकता है?

इस संसार में ऐसी जागृति कई देशों में आयी। उदाहरण के लिए, स्कॉटलैंड और कोरिया। परमेश्वर के जन, जॉन नॉक्स ने स्कॉटलैंड के पुनरुद्धार के लिए उत्साहपूर्वक प्रार्थना की। प्रभु ने एक महान पुनरुद्धार भेजा। इसके परिणामस्वरूप, बड़ी संख्या में लोगों ने प्रभु यीशु मसीह को अपने व्यक्तिगत उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार किया। देश आगे बढ़ा। आर्थिक संपन्नता थी। बड़ी संख्या में गिरजाघरों का निर्माण किया गया। जगह-जगह प्रार्थना सभाएं और आत्मिक गतिविधियां हुईं। बड़ी संख्या में युवा पुरुषों और महिलाओं ने पश्चाताप किया और प्रभु की शरण में आए, अपने विलासितापूर्ण जीवन को अस्वीकार कर दिया और दुनिया के विभिन्न देशों में मिशनरी के रूप में निकल पड़े और सुसमाचार का प्रचार किया। इस वजह से, भारत और अन्य देशों में बड़ी संख्या में चर्च, स्कूल और अस्पताल बनाए गए। लेकिन आज इस देश (स्कॉटलैंड) का क्या हाल है?

हाल ही में जब मैंने इस देश का दौरा किया, तो मुझे यह जानकर धक्का लगा कि मसीहत को मानने वालों की संख्या बहुत कम है। बहुत से लोग यीशु मसीह के बिना रहते हैं। कई ऊंचे चर्चों को मूर्तिपूजा के लिए बेच दिया गया है और मूर्तिपूजा के लिए एक जगह के रूप में उपयोग किया जाता है, घृणित व्यापार के लिए व्यापार केंद्र, मादक शो-रूम, डांस हॉल, नाटक मंच, अश्लील फिल्म स्क्रीनिंग केंद्र और उन चीजों के लिए उपयोग किए जाने वाले केंद्र जिन्हें रिकॉर्ड नहीं किया जा सकता था - अफ़सोस की बात है, ये इमारतें अभी भी क्रूस के चिन्ह को धारण करती हैं!

परमेश्वर के एक जन ने मुझे स्कॉटलैंड के एक बड़े सभागार में परमेश्वर के वचन को लोगों तक पहुंचाने के लिए आमंत्रित किया। आमंत्रित करते हुए उन्होंने जो कहा वह था, "पास्टर, ये लोग यीशु मसीह या मसीहत के बारे में नहीं जानते हैं। आपका संदेश हमारे जीवित परमेश्वर यीशु मसीह का परिचय देने वाला हो!" हालांकि यह सुनने में बहुत अजीब था, जब मैंने अपने प्रभु यीशु मसीह के मूलभूत सत्य के बारे में सुसमाचार का प्रचार किया, तो उस देश के लोगों की एक बड़ी संख्या ने पश्चाताप किया और प्रभु यीशु मसीह को अपने व्यक्तिगत उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार करने के लिए आंसू बहाए। यह एक अद्‌भुत दृश्य था!

उनके पीछे हटने का कारण क्या था? उन्होंने अपना पहला प्यार खो दिया। सांसारिक शिक्षा, आर्थिक संपन्नता, चंचल जीवन, नशीले पदार्थों आदि ने उनके मन को कुंद कर दिया और प्रार्थना-जीवन को पराई वस्तु मान लिया। उन्होंने पवित्रता को अपने जीवन से भी दूर कर दिया।

इसके विपरीत, कोरिया को देखें जो बेदारी का गवाह बना।

जब कोरिया अर्थव्यवस्था, शिक्षा और संस्कृति के साथ नीचली दशा था, तो परमेश्वर ने पौल योंग्गी-चो नामक एक व्यक्ति को उठाया। परमेश्वर ने उसकी प्रार्थनाओं का उत्तर दिया और एक सामर्थी जागृति भेजी। पुनरुद्धार या बेदारी के कारण, विश्व क्षेत्र में राष्ट्र अर्थव्यवस्था और शिक्षा में अत्यधिक विकसित हुआ है। परमेश्वर के जन और परमेश्वर के लोग निरन्तर प्रार्थना को महत्व देना जारी रखते हैं और पवित्र जीवन का अभ्यास करते हैं। सभी चर्चों में प्रतिदिन प्रार्थना की जाती है। बड़े-बड़े प्रार्थना केंद्र बनाए जाते हैं और दिन-रात लगातार प्रार्थना की जाती है। इन निरन्तर प्रार्थनाओं के द्वारा, सुगन्ध के स्तम्भ स्वर्ग में अविराम भेजे जाते हैं।

*पृष्ठ 6 में क्रमशः...*


**नहेम्याह बाइबल कॉलेज**
**रेसिडेन्शल कॉलेज, चेन्नई।**

**माध्यमः हिन्दी**

*सदस्यता के लिए पंजीकृत उम्मीदवार* - ATA

**सुविख्यात अंतर्राष्ट्रीय मसीही अगुवे तथा पिछले 53 वर्षों से सेवारत वरिष्ठ पासवान**

सर्टिफिकेट इन थियोलॉजी – 1 साल
डिप्लोमा ऑफ थियोलॉजी – 2 साल

**योग्यता 10 वी या अधिक**
**जल्दी करें!**

**Contact : The Chairman, Nehemiah Bible College.**
10, MOHAMMED ABDULLAH 2ND STREET, CHEPAUK, CHENNAI - 600 005, INDIA.
Phone : (+91-44) 2852 8282, Cell : (+91) 98410 71852 / 95661 31858
E.mail : sam@echoofhiscall.org / Website : www.echoofhiscall.org
★ ऑनलाइन कक्षाएं उपलब्ध हैं ★

ECHO OF HIS CALL MINISTRIES SINCE 1969

# महान आदेश के भागी

✽ भार उठना (गलातियों ६:२), ✽ सहायता करना (रोमियों १२:१३) और ✽ चमकना (२ तीमुथियुस १:६)

## स्तुति और प्रार्थना निवेदन

**19 अप्रैल 2023 से 18 मई 2023 तक**

(कृपया इस पृष्ठ को फाड़िये, घड़ी कीजिए और उसे अपनी बाइबल में रखकर निरंतर प्रार्थना कीजिए।)

### स्तुति विषय

अप्रैल १९: हमारे प्रार्थना सहभागियों, शुल्क सहभागियों, विश्वास के सहभागियों, आजीवन प्रतिभागियों, महान आदेश प्रतिभागियों के प्रति उसकी दया के लिए।

अप्रैल २०: परमेश्वर ने १९ भाषाओं में प्रकाशित हमारे **एको ऑफ हिज़ कॉल** सुसमाचार साहित्य को आशिषित किया जो हमारे गॉस्पल प्रिंटिंग प्रेस में छपकर मिशन क्षेत्रों में भेजे जा रहे हैं।

अप्रैल २१ : ऑसबरी रिवाइवल के माध्यम से संयुक्त राज्य अमेरिका को पिछली वर्षा से आशीष देने के लिए।

अप्रैल २२ : हमारे वरिष्ठ पास्टर एस. सैम सेल्वा राज को उनकी सेवा यात्राओं के लिए आशीष देने के लिए।

अप्रैल २३ : हमारे वरिष्ठ पास्टर एस. सैम सेल्वा राज के ५ मिनट के यू ट्यूब संदेशों के माध्यम से उत्पन्न होने वाली गवाही के लिए।

अप्रैल २४ : हमारे सेंट पॉल्स मैट्रिकुलेशन स्कूल, नहेम्याह बाइबल कॉलेज की सभी गतिविधियों के लिए।

अप्रैल २५ : हमारे सेंट पॉल्स मैट्रिकुलेशन स्कूल के विद्यार्थियों को १०वीं कक्षा की परीक्षा सफलता देने के लिए।

अप्रैल २६ : योग्य नए उम्मीदवारों की भर्ती के लिए हमारे संगठन को आशीष देने के लिए।

अप्रैल २७ : हमारे सभी सहायक संपादक और उनके परिवार के सदस्यों के लिए।

अप्रैल २८ : हमारे नहेमायाह बाइबल कह्लेज को नया ऑनलाइन बी. टी एच ाठ्यक्रम शुरू करने के लिए आशीष देने हेतु।

अप्रैल २९ बाइबलकोर (बाइबल पत्राचार पाठ्यक्रम) और ईश्वरविज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम पर आशीष देने के लिए।

अप्रैल ३०: हमारी सेवकाई की यात्राओं को आशीष देने के लिए।

मई ०१ : हमारी संस्था के हमारे कर्मचारियों और उनके परिवारों और उनकी सुरक्षा के लिए।

मई ०२ : हमारे वरिष्ठ पादरी एस. सैम सेल्वा राज और उनके परिवार को सभी दुष्ट प्रभुत्वों से बचाने के लिए।

मई ०३ : हमारे सेंट पह्लस मैट्रिकुलेशन स्कूल के रजत जयंती वार्षिक दिवस समारोह को आशीष देने के लिए।

### प्रार्थना विषय

मई ०४ : दुनिया भर के मरीज जो लंबी अवधि के लिए अस्पतालों में हैं और लाइलाज बीमारियों से पीड़ित हैं।

मई ०५ : एको ऑफ हिज़ कॉल यूट्यूब चैनल के लिए नए सब्स्क्राइबर मिले।

मई ०६ : हमारे उत्तर भारत के मिशनरी और उनके परिवार।

मई ०७ : सेवकाइयों और मिशनरियों के खिलाफ अत्याचारों को रोका जाए।

मई ०८ : हमारे वरिष्ठ पादरी एस. सैम सेल्वा राज और उनके परिवार के सदस्यों की सभी प्रकार की बुरी शक्तियों से सुरक्षा।

मई ०९ : हमारा नहेम्याह बाइबल कह्लेज ग्रेजुएशन समारोह ३ जून २०२३ को आयोजित किया गया है।

मई १० : सभी कलीसियाएं आत्माओं को जीतें और जागृति प्राप्त करें।

मई ११ : तुर्की और सीरिया हाल के भूकंपों के नुकसान से उबरें।

मई १२ : हमारी गह्स्पल प्रिंटिंग प्रेस और इसकी नियमित गतिविधियों के लिए।

मई १३ : हमारी सेवकाइयों की आर्थिक जरूरतों के लिए प्रार्थना करें।

मई १४ : हमारे नहेम्याह बाइबल कह्लेज बी.टीएच. अह्नलाइन पाठ्यक्रम के लिए योग्य छात्रों का प्रवेश।

मई १५ : शैक्षणिक वर्ष २०२३-२४ के लिए हमारे सेंट पह्लस मैट्रिक स्कूल में नए छात्रों का प्रवेश।

मई १६ : शैक्षणिक वर्ष २०२३-२४ के लिए हमारे आवासीय और सान्ध्यकालीन बाइबल कह्लेज के लिए योग्य छात्रों का प्रवेश।

मई १७ : हमारी संस्था के कर्मचारियों को मन की एकता और एकात्मता के साथ काम करने के लिए।

मई १८ : हमारे सभी सहयोगी संपादक और उनके परिवार।यकालीन नहेम्याह बाइबल कॉलेज के लिए योग्य छात्रों का प्रवेश हो।

*पृष्ठ 4 से आगे:...*

यहां परमेश्वर के सेवकों ने अपना पहला प्यार, प्रार्थना की प्यास, उनकी पवित्रता और पुनरुद्धार के परिणामों का प्रभाव नहीं खोया, और सभी तरह से उनकी रक्षा करना। इस वजह से कोरिया उत्कृष्टता का देश बन गया है। मैं दक्षिण कोरिया की बात कर रहा हूं। यह अतिशयोक्ति नहीं हो सकती है कि बड़ी संख्या में परमेश्वर के लोग यहां से उठे हैं और दुनिया को उलट रहे हैं!

इस तरह, सामर्थी आत्मिक जाग्रति के उंडेले जाने के लिए, सच्चा पश्चाताप और उत्कट प्रार्थना आवश्यक है। समर्पित परमेश्वर के लोगों का एक समूह जो राष्ट्र के लिए उत्साहपूर्वक प्रार्थना करता है, इस पुनरुत्थान को सुरक्षित रखने के लिए भी आवश्यक है। यदि हम लड़खड़ाएंगे तो बेदारी या पुनरुद्धार की आग बुझ जाएगी। वेदी की आग जलती रहे!

## एक वास्तविक पुनरुद्धार के दो पहलू!

1. परमेश्वर के लोगों के बीच एक जीवंत जागृति।
2. परमेश्वर की उपस्थिति की पुनःस्थापना।

## 1. परमेश्वर के लोगों के बीच एक जीवंत जागृति

उत्कट प्रार्थना एक अति-स्वाभाविक जागृति लाएगी। संत पौलुस लोगों को प्रोत्साहित करता **है, "इसलिये हे भाइयो, मैं तुम से परमेश्वर की दया स्मरण दिला कर विनती करता हूँ कि अपने शरीरों को जीवित, और पवित्र, और परमेश्वर को भावता हुआ बलिदान करके चढ़ाओ। ...परन्तु तुम्हारे मन के नए हो जाने से तुम्हारा चाल-चलन भी बदलता जाए..." रोमियों 12:1,2।** आजकल चर्चों और मसीही संगठनों में प्रेरितों के आत्मिक अनुभवों को छोड़ दिया जाता है, इसके बजाय नवीनता और आधुनिकता पर ज़ोर होता है। वर्तमान समय में उपवास की प्रार्थनाओं को चमत्कार की सभाओं में बदल दिया गया है और राष्ट्रों के लिए जागृति प्रार्थना सभाएं पैसा बनाने के स्थान में बदल गई हैं। जो लोग राष्ट्र के लिए प्रार्थना करने के बोझ के साथ प्रार्थना सभाओं में भाग लेते हैं, उन्हें विनम्रता और जोश के साथ प्रार्थना करना चाहिए कि हमारा प्रभु उनकी प्रार्थना सुने और उनका उत्तर दे। और हिंसा, भ्रष्टाचार और अभिशाप को पूरी तरह से समाप्त किया जाना चाहिए और हमारे राष्ट्र में शांति और समृद्धि बनी रहनी चाहिए।

हमारे राष्ट्रों के लिए एक वास्तविक आत्मिक पुनरुद्धार के लिए, पहले परमेश्वर के बच्चों को अपने जीवन को परमेश्वर की इच्छा के अधीन करना होगा और अपने मन के नए होने से हमारा चालचलन बदल जाना चाहिए।

इसके विपरीत कुछ नया करने की आड़ में आज के चर्च लोगों के सामने गलत चीजें पेश करते हैं और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सूचीबद्ध करते हैं और इसे एक महान पुनरुद्धार घोषित करते हैं। जब तक लोगों के जीवन में परिवर्तन नहीं होता, तब तक उनकी प्रार्थना, संगीत और नृत्य, समृद्धि उपदेश, आकर्षक मंच और अभिनव सेवकाई की योजनाएं बेकार हैं। यदि कोई वर्तमान समय के "परमेश्वर के उत्तम सेवकों" के करीब जाता है, तो व्यक्ति को उनके दिलों में धन, अभिमान, स्वार्थ मिली हुई घिनौनी वासना जैसी बुरी चीजें मिल सकती हैं जो बुरी गंध पैदा करती हैं। कुछ लोग परमेश्वर के राज्य के विस्तार को अलग रखते हैं और कहते हैं, "मेरा चर्च", "मेरी सेवकाई", "मेरे मिशनरी", "मेरा बगीचा", "मेरा टॉवर", आदि। हैरानी की बात यह है कि जब ईश्वर का सेवक सेवकाई की आड़ में कुछ निकालने के इरादे से दूसरे से मिलता है तो बैठक एकतरफा कारोबार हो जाती है।

## 2. परमेश्वर की उपस्थिति की पुनःस्थापना

पिछले तीस वर्षों में बड़ी संख्या में परमेश्वर के सेवक उठे हैं। इसलिए सेवकाइयों

*पृष्ठ 9 में क्रमशः...*


नहेम्याह बाइबल कॉलेज
EVENING COLLEGE
Chepauk & Santhoshapuram, Chennai.
माध्यमः तमिल
सदस्यता के लिए पंजीकृत उम्मीदवार - ATA
सुविख्यात अंतर्राष्ट्रीय मसीही अगुवे तथा पिछले 53 वर्षों से सेवारत वरिष्ठ पासवान
सर्टिफिकेट इन थियोलॉजी – 1 साल
डिप्लोमा ऑफ थियोलॉजी – 2 साल
योग्यता 10 वी या अधिक
जल्दी करें!
Contact : The Chairman, Nehemiah Bible College.
10, MOHAMMED ABDULLAH 2ND STREET, BELLS ROAD, CHEPAUK, CHENNAI - 600 005, INDIA.
Phone : (+91-44) 2852 8282, Cell : (+91) 98410 71852 / 95661 31858
E.mail : sam@echoofhiscall.org / Website : www.echoofhiscall.org

## कृपया हमारे मुख्यालय में हो रहे सेवाकार्यों के लिए प्रार्थना करें!

१. प्रार्थना सेवा : २४ घंटे
२. **बाइबलकोर** - बाइबल पत्राचार पाठ्यक्रम : अंग्रेजी, तमिल, हिन्दी
३. **बुलावे की प्रतिध्वनि (एको ऑफ हिज़ कॉल)** - मासिक पत्रिका अंग्रेजी, तमिल, मलयालम, तेलुगू, हिन्दी, कन्नड, मराठी, गुजराती, बगाली, उड़िया, नेपाली, आसामी, पंजाबी, उर्दू, सिन्हाला, अफ्रीकान
४. नहेम्याह बाइबल कॉलेज (दो केन्द्र)
५. थियोलॉजिकल प्रशिक्षण कोर्स - अंग्रेजी एवं तमिल
६. ग्रेट कमिशन पार्टनर्स
७. प्रशिक्षण कार्यक्रम
८. सुसमाचार सभाएं
९. साहित्य वितरण और फॉलो-अप
१०. सुसमाचार साहित्य मुद्रणालय -प्रकाशन
११. सेंट पॉल्स मॅट्रिक्युलेशन स्कूल - विलेज इंग्लीश स्कूल
१२. सण्डेस्कूल रविवार प्रातः ८.३० बजे
**१३. तमिल उपासना रविवार प्रात ५.०० बजे - ७.०० बजे १०.००बजे**
**१४. हिन्दी उपासना रविवार सायं ४.०० बजे**
**१५. तेलुगू उपासना रविवार सायं ५.०० बजे**
**१६. अंग्रेजी तथा तमिल उपासना रविवार सायं ६.०० बजे**
१७. पादरियों द्वारा सलाह मशवरा रविवार सायं ४.०० बजे
१८. महिलाओं की प्रार्थना सभा बुधवार सायं ५.३० बजे
१९. सप्ताह के मध्य बाइबल अध्ययन बुधवार सायं ६.३० बजे
२०. पुरुषों की प्रार्थना सभा शुक्रवार सायं ६.३० बजे
२१. शिष्यता की सभा शनिवार सायं ६.०० बजे
२२. गृह सभाएँ मंगल.गुरु सायं ६.३० बजे
२३. विशेष पवित्र सहभागिता-प्रभुभोज प्रतिमाह के १ ला दिवस पर प्रातः ५.३० बजे
२४. कर्मचारी समीक्षा सभा प्रथम शनिवार सायं ५.३० बजे
२५. पालकों की प्रार्थना सभा प्रथम रविवार सायं ४.०० बजे
२६. रात्रकालिन प्रार्थना द्वितीय शुक्रवार रात ९.३० बजे
२७. उपवास के साथ प्रार्थना प्रथम शनिवार सायं ९.३० बजे
२८. पवित्र प्रभुभोज द्वितीय रविवार की उपासनाएँ
२९. प्रातःकालीन उपासना प्रतिदिन प्रातः ५.०० बजे
३०. कर्मचारी वर्ग द्वारा प्रार्थना उपासना प्रतिदिन प्रातः ९.०० बजे
३१. कार्यालय प्रातः ९.०० बजे से सायं ६.०० बजे (रविवार छोड़कर)

## ऍको ऑफ हिज़ कॉल पत्राचार पाठ्यक्रम केवल भारत में उम्मीदवार के लिए

### 1. बाइबलकोर

हम नए मसीहियों और गैर–मसीहियों के लिए बाइबल के बुनियादी सत्य पर पत्राचार पाठ्यक्रम प्रस्तुत करते हैं अंग्रेजी–57 पृष्ठ, हिन्दी–76 पृष्ठ, और तमिल–96 पृष्ठ। आपको एक पाठ्यक्रम पुस्तक मिलेगी जिसका शीर्षक है नया जीवन – आपके लिए! इस कोर्स के पूरा होने के बाद आपको ***आपके लिए नया जीवन*** शीर्षक युक्त पाठ्यक्रम की एक पुस्तक प्राप्त होगी।

### 2. ईश्वरविज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम

ईश्वरविज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम नामक एडवान्स्ड डिस्टन्स एज्युकेशन पासबानों, सुसमाचार प्रचारकों और मसीही अगुवों के लिए भी उपलब्ध है जिन्हें परमेश्वर की सेवा के लिए बोझ है– अंग्रेज़ी 537 पृ. और तमिल 652 पृ. ! शुल्क रु. 1000/– लिया जाएगा, 149 अध्यायों की सात पुस्तकें दी जाएगी। सर्टिफिकेट इन मिनिस्ट्री दिया जाएगा। परमेश्वर आपको आशीष दे!

*अधिक जानकारी के लिए आज ही सम्पर्क करें।*

**The Chairman, Nehemiah Bible College,**
Echo of His Call, Post Box 2957
CHEPAUK, CHENNAI - 600 005.
Ph.: (044) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766,
Cell : 98410 71852, 95661 31858
E.mail : biblecor@yahoo.co.in

## एको ऑफ हिज़ कॉल मासिक पत्रिका विनामूल्य पाने का उत्तम अवसर

यदि आप डाक, पत्र, ईमेल, वॉट्स अप या फोन करके अपने मित्रों/रिश्तेदारों के पते भेज सके, तो हम उन्हें **एको ऑफ हिज़ कॉल** मासिक पत्रिका विनामूल्य भेजेंगे।

## कर में छूट

किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा "एको ऑफ हिज़ कॉल एज्युकेशनल ट्रस्ट" को दिया गया दान आयकर कानून की धारा ८० जी. के तहत कर मुक्त माना जाता है। इसके लिए अधिकृत रसीद दी जाएगी। दानदाताओं से निवेदन है कि वे अपने चेक तथा ड्राफ्ट **"एको ऑफ हिज़ कॉल एज्युकेशनल ट्रस्ट"** के नाम पर आपके आधार कार्ड और पैन कार्ड के साथ भेज दें।

| | | |
|---|---|---|
| Account Name | : | ECHO OF HIS CALL EDUCATIONAL TRUST |
| Account Number | : | 1023 2923 805 |
| Bank Name | : | STATE BANK OF INDIA |
| Branch | : | TRIPLICANE, CHENNAI - 600 005 |
| IFSC Code | : | SBIN 0000249 |
| SWIFT Code | : | SBI NIN BB 455 |



# खाई से महल तक

## (पास्टर एस. सॅम सेल्वा राज के जीवन अनुभव)

*"जो पढ़े वह समझे"* मत्ती 24:15

# एको ऑफ हिज़ कॉल छापखाना!

# THE PRINTING PRESS OF ECHO OF HIS CALL!

1969—1971 के वर्षों के दौरान, जब मैं एक छोटा लड़का था, मैंने परमेश्वर के सेवक, स्वर्गीय पास्टर एस. देवदासन के लिए सबसे छोटे व्यक्ति के रूप में, उनकी मासिक पत्रिका "हेराल्ड ऑफ़ हिज कमिंग" के कार्यालय में और उनके प्रिंटिंग प्रेस में भी काम किया।

इस पासबान ने मुझे प्रभु की सेवकाई में कष्टों और भलाई के बारे में और प्रभु की सेवा करने के तरीकों के बारे में भी सिखाया। उन्होंने मुझे सरकारी और प्रशासनिक कार्य भी सिखाए। मुझे "अकाऊंटिंग" सीखने के लिए उनके लेखा परीक्षक वेदमणि के अधीन भी प्रशिक्षित किया गया था।

उस समय हमारे पासबान ने एक नया प्रिंटिंग प्रेस खरीदा। प्रेस में केवल एक मैकेनिक मिस्टर राज थे। यह एक पुराने मॉडल की मशीन थी जिसे हाथ से संचालित किया जाता था। यदि हम हैंडल को एक बार घुमाते हैं, तो हम केवल एक शीट की छपाई कर सकते हैं।




*Manual Printing Machine*

मैंने बहुत खुशी से हैंडल को घुमाया, हालांकि यह एक कठिन काम था। पूरी मासिक पत्रिका छापने के लिए मुझे इसे 50,000 बार घुमाना पड़ता था। हर बार जब मैं हत्थे को घुमाता था मैं कहता था, "प्रभु की स्तुति हो"। इस प्रकार, मैंने 50,000 बार "प्रभु की स्तुति हो" कहा। मेरे पासबान मुझे ऐसा करते हुए देखते थे और उन्हें प्रोत्साहन मिलता था।

वह मुझे पालयमकोट्टई में पत्रिका, "न्यू लाइफ" के कार्यालय में भी ले गए और उन्होंने मुझे दिखाया कि कैसे वह पत्रिका उस प्रेस में छपी। मैंने उस पुराने प्रेस को और उन लोगों को देखा जो बैठकर पत्रिकाएं मोड़ते थे। वे पत्रिकाओं का बंडल बनाकर डाकघर ले जाते थे। जब मैंने उन्हें वह कार्य करते देखा, तो मेरे मन में उस प्रकार की सेवकाई करने की इच्छा उत्पन्न हुई। उस समय से, एक सुसमाचार छापखाना रखने की कलपना ने मेरे दिल में प्रवेश किया। मैं कई लोगों से विवरण मांग रहा था।

एक बार मैं उस जगह पर गया जहां 100 ऑफसेट प्रिंटिंग मशीन एक कतार में लगी हुई थीं। परमेश्वर के एक सेवक इसके मालिक थे। मैंने उनसे एक मशीन की कीमत पूछी। उन्होंने उत्तर दिया, "यह केवल बहुत अमीर लोग ही खरीद सकते हैं। आप इसे नहीं खरीद सकते! यहां तक कि यदि कोई आपको यह दान करता है, तो भी आप इसे बनाए नहीं रख सकते।" यह सुनकर मेरा दिल दुखी हो गया। मैं सीधे अपने स्थान पर गया, घुटने टेके और अपने परमेश्वर को उस बातचीत के बारे में बताया।




प्रभु ने मेरी प्रार्थना सुन ली। परमेश्वर ने मुझे एक पुराना प्रिंटिंग प्रेस दिया। इसी तरह की मशीन सिर्फ दक्षिण अफ्रीका के "ब्लोएमफोंटेन" नामक स्थान के एक संग्रहालय में मिली थी। परमेश्वर ने मुझे जो प्रिंटिंग मशीन दी थी वह एक ऐसी प्राचीन मशीन थी। यह "वॉशरमेंटपेट", चेन्नई के भाई सुंदरम के पास थी। । चूंकि वह इसका उपयोग करने में सक्षम नहीं थे, उन्होंने इसे मुझे कम कीमत पर दे दिया।

बाद में, परमेश्वर ने मेरे गॉस्पल प्रिंटिंग प्रेस को सुधारने और विकसित करने में मेरी मदद की। आज, परमेश्वर ने मुझे एक




*Present Automatic offset Printing Machine*

स्वचालित ऑफ़सेट प्रिंटिंग प्रेस दी है जिससे हम १६ भाषाओं में अपनी एको ऑफ हिज़ कॉल पत्रिकाएं छापते हैं। हम विभिन्न भाषाओं में कई आत्मिक पुस्तकें भी छापते हैं और परमेश्वर की कृपा से हम उन्हें मुफ्त में दुनिया भर में भेजते हैं!

इस मुकाम तक पहुंचने के लिए मुझे कठिन रास्तों से होकर गुज़रना पड़ा। प्रिय मित्र! क्या आप भी किसी कठिन रास्ते से गुजर रहे हैं? प्रभु यीशु मसीह उस सेवकाई को करने में आपकी सहायता करेगा जो उसने आपको दी है। आपको निराश नहीं किया जाएगा।

**"जो बातें आँख ने नहीं देखीं और कान ने नहीं सुनीं, और जो बातें मनुष्य के चित में नहीं चढ़ीं, वे ही हैं जो परमेश्वर ने अपने प्रेम रखनेवालों के लिये तैयार की हैं।" 1 कुरिन्थियों 2:9.** ***

पृष्ठ 6 से आगे:...

की संख्या भी बढ़ी है। लेकिन, सही उद्देश्य को बढ़ावा देने के बजाय भ्रम और बुरे विचार बढ़ गए हैं! चर्च और समाजों में ऐसे लोग हैं जो लंबे समय तक किसी विशेष मुद्दे के लिए प्रार्थना करने के लिए आगे आते हैं। कुछ आत्माएं आत्मिक संतुष्टि के बिना एक चर्च से दूसरे चर्च में घूम रही हैं! चर्च जो विश्व राजनीति को बदलने के लिए काफी सामर्थी हैं, इसके सामने कांप रहे हैं!

यह परमेश्वर की इच्छा है कि परमेश्वर के सेवकों के सामर्थी प्रचार से लोगों के जीवन में परिवर्तन आए और शैतान कांपता हुआ दूर हो जाए। पर सेवकाई की महिमा फीकी पड़ गई, क्यों? यह एक तथ्य है कि परमेश्वर ने अपनी उपस्थिति को हटा लिया है।

इसलिए, हमें आत्मनिरीक्षण करना है कि हमने परमेश्वर की उपस्थिति को कहां खो दिया है और किन परिस्थितियों में प्रेरितिक अभिषेक हमसे छीन लिया गया है। गिरजाघरों और परिवारों में प्रार्थना की भावना और याचना की भावना उंडेली जानी चाहिए। जब यह उंडेली जाएगी, लोग आत्मिक जाग्रति के लिए पुकार उठेंगे। मरने वाली आत्माओं के लिए बोझ उन्हें चोट पहुंचाएगा और उन्हें कोई भी बलिदान करने के लिए आगे आने के लिए मज़बूर करेगा।

अब समय आ गया है कि हमें पुनरुत्थान का गवाह बनना चाहिए। यही कारण है कि प्रभु ने हमें इस समय के दौरान इस संसार में जीवित रखा है। सभी मृत कार्यों और स्वार्थी सेवकाई को बाहर निकालें और प्रभु के पास आएं और एक बोझ के साथ पुनरुद्धार या बेदारी की एक बड़ी फसल के लिए प्रार्थना करें। काम करने के लिए अपने पैरों को स्थिर करें। परमेश्वर आपको आशीष दे!

************

### भजन 121:7–8

**"यहोवा सारी विपत्ति से तेरी रक्षा करेगा; वह तेरे प्राण की रक्षा करेगा। यहोवा तेरे आने जाने में तेरी रक्षा अब से लेकर सदा तक करता रहेगा।"**

### विशेष प्रार्थना अनुरोध :

1. एको ऑफ हिज़ कॉल के सामने आने वाली आर्थिक कठिनाइयों को बदलने के लिए।

2. प्रभु को लोगों को प्रभु की सेवा करने के लिए एक दर्शन प्रदान किया जाए। हमें अपने चेन्नई कार्यालय, विलेज हाईस्कूल, हमारे बाइबल कॉलेजों, गॉस्पल प्रिंटिंग प्रेस, कलीसियाओं और हमारे मिशन क्षेत्रों में भी समर्पित कार्यकर्ताओं की आवश्यकता है।

3. परमेश्वर की सेवकाई में बाधा डालने वाले सभी लोगों को पश्चाताप हो।

4. पासबान जो सभी सुविधाओं का आनंद लेते हैं, उन्हें न केवल अपनी खुद की उन्नति के बारे में सोचना चाहिए, बल्कि अपने पैसों का उपयोग उन गांवों में कलीसियाओं के निर्माण के लिए भी करना चाहिए जहां चर्च नहीं हैं। एक परमेश्वर के जन ने कहा, "यदि परमेश्वर के कई महान सेवकों के हाथों में अप्रयुक्त पड़ा हुआ पैसा काम में आ जाता है, तो इसका उपयोग उन सभी गांवों में एक या एक से अधिक चर्चों के निर्माण के लिए किया जा सकता है, जिनके पास भारत में चर्च नहीं है।" कृपया इसे ध्यान में रखें और इसके लिए प्रार्थना करें।

RNI.No.63656/95, Postal Regn.No.TN/CH/(C)/202/21-23 WPP.No.TN/PMG(CCR)/WPP-222/21-23

## एको ऑफ हिज़ कॉल

### यू ट्यूब

Please subscribe

कृपया आपके समय के अनुसार हमारा **एको ऑफ हिज़ कॉल यू ट्यूब चैनल** देखें और उसे सब्स्क्राईब करें। - धन्यवाद

## OUR BANK DETAILS:

### *1. Bank : State Bank of India*

Branch : **Triplicane, Chennai-5**
Name : **S. Sam Selva Raj**
A/C No. : **1023 2934 679**
IFSC : **SBIN 00 00 249**
SWIFT CODE : **SBI NIN BB 455**

### *2. Bank : ICICI Bank*

Branch : **Anna Salai, Chennai-6**
Name : **Echo of His Call**
A/C No. : **6038 0502 2319**
IFSC : **ICIC 000 6038**

### *3. Bank : State Bank of India*

**(This Account is for Tax Exemption for Indians only )**

Branch : **Triplicane, Chennai-5**
Name : **Echo of His Call Educational Trust**
A/C No. : **1023 2923 805**
IFSC : **SBIN 00 00 249**

**Google Pay: 98410 71858**
**PayPal : SAM SELVA RAJ**

*****

**E.mail : sam@echoofhiscall.org**

# एको ऑफ हिज़ कॉल

१६ भाषाओं में मासिक पत्रिकाएं, पत्राचार पाठ्यक्रम, कलीसिया रोपन, ग्रामीण अंग्रेज़ी हायस्कूल, सुसमाचार छापखाना, क्रूसेड, सेमिनार, समाज सेवा आदि।

**वार्षिक शुल्क: रु. १००/-** **आजीवन शुल्क: रु. २,०००/-**

**एको ऑफ हिज़ कॉल** की गतिविधियां आपके समान परमेश्वर के लोगों के स्वेच्छा दानों और भेंटों से पूरी की जाती हैं। आप परमेश्वर की अगुवाई के अनुसार **एको ऑफ हिज़ कॉल** और उसके सारे कार्यक्रमों को आर्थिक सहायता भेज सकते हैं। अनपहुंचे लोगों को सुसमाचार सुनाने हेतु और कलीसिया की स्थापना के लिए हमें आपकी सहायता की ज़रूरत है।

अगर आप **एको ऑफ हिज़ कॉल** मासिक पत्रिका नियमित रूप से प्राप्त करना चाहते हैं तो कृपया हमें लिख भेजें। जब कभी अपना पता या ई-मेल बदलें तो कृपया अपने पुराने एवं वर्तमान पते के बारे में अवश्य सूचना दें।

**एको ऑफ हिज़ कॉल** सेवकाई १६ भाषाओं की मासिक पत्रिका हमारे वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। आप इस साइट पर जाकर और उसे डाऊनलोड करके उसे पढ़ सकते हैं और आशीष पा सकते हैं।

आपके पत्र, प्रार्थना अनुरोध और आपकी आर्थिक सहायता (मनी ऑर्डर, चेक या डिमांड ड्राफ्ट, एनईएफटी, पेपॅल को(Sam Selva Raj, sam@echoofhiscall.org) PhonePe (98410 71858), Gpay (98410 71858), Western Union, MoneyGram, etc.) कृपया निम्नलिखित पते पर भेजी जा सकती है।

कृपया अपना **लैंड लाईन फोन/सेल फोन क्रमांक और ई-मेल पत्ता** आवश्यक सुधार/अद्यतनीकरण के लिए भेजें।

Our address :

**ECHO OF HIS CALL**

10, MOHAMMED ABDULLAH 2ND STREET, CHEPAUK, CHENNAI - 600 005, INDIA
PH: (+91-44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766/ Cell: (+91) 98410 71852, 95661 31858 / E.mails: sam@echoofhiscall.org / biblecor@yahoo.co.in
Websites: www.echoofhiscall.org / www.stpaulsmatriculation.com

**YOU CAN SEND YOUR DONATION ONLINE ALSO**

Regd. with the RNI under No . 63656/95
Licenced to post without pre-payment
Postal Regn. No. TN/CH (C) /202/21-23
Licence No. WPP. No. TN/PMG(CCR)/WPP-222/21-23
Date of Publication: Second week of every month
Date of Posting : 8th & 9th of every month
Posted at "Egmore RMS / 1 Patrika Channel"
on 10th APRIL, 2023
If un-delivered please return to:
ECHO OF HIS CALL (HINDI)
P.O. Box No. 2957, Chepauk, Chennai - 600 005, INDIA.
Phone: (+ 91- 44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766

***JESUS LOVES YOU!***

**To**

*GOD BLESS YOU!*

Owned and published by **S. Sam Selva Raj** from New No. 8 & 10, Old No.18 & 19, Mohammed Abdullah 2nd Street, Chepauk, Chennai-600 005 and printed by **S. Sam Selva Raj** at **Echo of His Call Printers,** New No. 8 & 10, Old No.18 & 19, Mohammed Abdullah 2nd Street, Chepauk, Chennai-600 005. Editor: **S. Sam Selva Raj.**